राज्य स्तरीय आकलन

FA	2

सत्र 2019–20

सुझावात्मक गतिविधियाँ

कक्षा : आठवीं — **विषय : विज्ञान**

PAPER CODE : 8071 — **पूर्णांक : 10**

निर्देश – खण्ड 'अ' से कोई एक गतिविधि तथा खण्ड 'ब' से कोई एक गतिविधि करावें।

खण्ड 'अ'

LO - SCI-811 - वैज्ञानिक अवधारणाओं की समझ का दैनिक जीवन में प्रयोग करते हैं।

गतिविधि 1. विद्युत चालन का परीक्षण

निर्देश :–

- कक्षा के 5–5 विद्यार्थियों के समूह बनाएं।
- प्रत्येक समूह किसी फल अथवा सब्जी से होकर विद्युत चालन का परीक्षण करे तथा उसे कॉपी में नोट कर कक्षा में प्रस्तुत करे।

मूल्यांकन :–

- परीक्षण तथा कॉपी में लिखना। **अंक – 3**
- कार्य का कक्षा में प्रस्तुतीकरण **अंक – 2**

गतिविधि 2. घर्षण की भूमिका

निर्देश :–

- कक्षा के 5–5 विद्यार्थियों के समूह बनाएं।
- प्रत्येक समूह खेल अथवा दैनिक जीवन के तीन–तीन ऐसे उदाहरण चित्र सहित एकत्रित करें अथवा कॉपी में चित्र बनाएं जहाँ घर्षण या तो सहायता कर रहा है अथवा विरोध कर रहा है।
- कक्षा में इसका प्रस्तुतीकरण भी करें।

मूल्यांकन :–

- कॉपी में उदाहरण तथा चित्र सहित उल्लेख **अंक – 3**
- कक्षा में प्रस्तुतीकरण **अंक – 2**

गतिविधि 3. कम्पोस्ट पिट का निर्माण

निर्देश :–

- कक्षा के 10–10 विद्यार्थियों के समूह बनाएं तथा प्रत्येक समूह शाला से निकलने वाले अपशिष्ट से कम्पोस्ट खाद का निर्माण करे।
- सम्पूर्ण प्रक्रिया को कॉपी में लिखकर कक्षा में प्रस्तुतीकरण करे।

मूल्यांकन :–

- कम्पोस्ट खाद का निर्माण तथा कॉपी में लिखना **अंक – 3**
- कार्य का कक्षा में प्रस्तुतीकरण **अंक – 2**

खण्ड 'ब'

LO - SCI-813 - पर्यावरण की सुरक्षा हेतु प्रयास करते हैं।

गतिविधि 4. ऊर्जा बचत के उपाय

निर्देश :–

- कक्षा के 5–5 विद्यार्थियों के समूह बनाएं।
- प्रत्येक समूह किन्हीं पाँच परिवारों से साक्षात्कार करे।
- पता करें कि पिछले पाँच वर्षों में उनका ऊर्जा उपयोग (कोयला, गैस, विद्युत, पेट्रोल, मिट्टी का तेल) बढ़ा है या कम हुआ है। यह भी पता लगाएं कि ऊर्जा बचत हेतु उन्होंने क्या उपाय किए हैं तथा आवश्यक सुझाव दें।
- कक्षा में रिपोर्ट का प्रस्तुतीकरण करें।

मूल्यांकन :–

- परिवारों का सर्वे कर कॉपी में लिखना **अंक – 3**
- कक्षा में प्रस्तुतीकरण **अंक – 2**

गतिविधि 5. सिंचाई के तरीके

निर्देश :–

- कक्षा के 5–5 विद्यार्थियों के समूह बनाएं।
- प्रत्येक समूह किन्हीं दो खेत/बगीचे में जाएं तथा सिंचाई के विभिन्न तरीकों के बारे में जानकारी प्राप्त करें।
- सिंचाई में जल की बचत के उपायों के सुझाव दें।
- उक्त चर्चा को कॉपी में नोट करें तथा कक्षा में प्रस्तुतीकरण करें।

मूल्यांकन :–

- सर्वे कर कॉपी में लिखना **अंक – 3**
- कक्षा में प्रस्तुतीकरण **अंक – 2**

गतिविधि 6. उर्वरकों तथा कीटनाशकों का नियंत्रित उपयोग

निर्देश :–

- कक्षा के 5–5 विद्यार्थियों के समूह बनाएं।
- प्रत्येक समूह दो खेत/बगीचे में जाकर उपयोग किए जाने वाले उर्वरकों और कीटनाशकों की जानकारी प्राप्त कर नोट करे।
- इनके नियंत्रित उपयोग तथा पर्यावरण को होने वाले खतरों के बारे में उनसे चर्चा करें।
- सम्पूर्ण चर्चा का कक्षा में प्रस्तुतीकरण करें।

मूल्यांकन :–

- सर्वे से प्राप्त जानकारी कॉपी में नोट करना। **अंक – 3**
- कक्षा में प्रस्तुतीकरण **अंक – 2**

●●●